14.04.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10pm

प्रादेशिक समाचार

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तराखंड के देहरादून में रोड शो किया। वे थोड़ी देर में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। यह कॉरिडोर दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा के समय को 6 घंटे से घटाकर लगभग 2.5 घंटे कर देगा।

<u>अंबेडकर जयंती</u>

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती आज प्रदेश सहित पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है।भोपाल स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी उन्हें स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर महू में उनकी जन्मस्थली पर विशाल समागम आयोजित हुआ, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में शामिल हुए और मीडिया से चर्चा में अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे हैं ।उल्लेखनीय है कि संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की यह 135वीं जयंती है, जिन्हें सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए उनके योगदान के लिए याद किया जा रहा है।

<u>शाह-बैसाखी</u>

गृह मंत्री अमित शाह ने बैशाखी के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह पर्व खेतों में परिश्रम करने वाले किसानों की समृद्धि और नई फसल की खुशी का प्रतीक है। उन्होंने खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर भी बधाई दी। श्री शाह ने कहा कि यह दिन सभी को श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र अवसर सभी को निर्भीकता, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

परीक्षा परिणाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल कल यानी 15 अप्रैल को कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी करने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दोनों कक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करेंगे। इस वर्ष करीब 16 लाख छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाएं दी हैं। परिणामों के साथ ही मेधावी छात्रों की मेरिट लिस्ट भी जारी की जाएगी। छात्र अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर केवल रोल नंबर दर्ज कर देख सकेंगे। शिक्षा विभाग ने परिणाम पूरी तरह 'फुलप्रूफ' रखने के लिए डेटा की गहन जांच की है, ताकि छात्र समय पर अगली कक्षाओं में प्रवेश ले सकें।

मौसम

प्रदेश में बादलों की विदाई के साथ ही भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है। 41.2 डिग्री तापमान के साथ रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर बना हुआ है, जबकि धार और खरगोन में भी पारा 40 डिग्री के पार पहुँच गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि 16 और 17 अप्रैल से प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में भीषण लू यानी 'हीटवेव' चलने की संभावना है। ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में भी गर्म हवाओं का असर बढ़ेगा। हालांकि कल से एक नया मौसम तंत्र सक्रिय हो रहा है, लेकिन इसके कमजोर होने के कारण फिलहाल गर्मी के तीखे तेवरों से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

समाचार संक्षेप में :-

- झाबुआ जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया ।
- गर्मी के मौसम में बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल ने जबलपुर से हावड़ा जंक्शन के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।
- आगरमालवा जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु आज से प्रति मंगलवार को विद्युत वितरण केन्द्र एवं झोन कार्यालयों पर जनसुनवाई की जा रही है।